आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 22.07.2025 समय : 18.30 पीएम

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड का इस्तीफा मंजूर किया।
- केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर राजस्थान हाईकोर्ट के लिए सात नए न्यायाधीशों की नियुक्ति का आदेश जारी किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना होगें।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से मॉनसून के दौरान ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की।

**000**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के बाद पीठासीन अधिकारी घनश्याम तिवारी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के त्यागपत्र से जुड़ी गृहमंत्रालय की अधिसूचना के बारे में बताया। इसके बाद राज्यसभा उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निवर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री धनखड़ को उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला। श्री धनखड़ ने कल स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। हाल ही में उनकी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान एम्स में एंजिओप्लास्टी हुई थी।

000

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश को मंजूर करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट के लिए सात नए न्यायाधीशों की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। राजस्थान हाईकोर्ट में जजों की संख्या पहली बार 40 के पार हो गई है। इन सात में से छह नियुक्तियां वकील कोटे से वहीं एक न्यायिक सेवा अधिकारी को भी उच्च न्यायालय में स्थान मिला है। केंद्र की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप तनेजा को राजस्थान हाईकोर्ट का स्थायी न्यायाधीश बनाया गया है। इसके अलावा अधिवक्ता बलजिंदर सिंह संधू, बिपिन गुप्ता, संजीत पुरोहित, रवि चिरानिया और अनुरूप सिंघी को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। न्यायिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी संगीता शर्मा को भी अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

000

अति पिछडा वर्ग और गुर्जर समाज की विभिन्न मांगों पर चर्चा के लिए मंत्रिमण्डलीय समिति की आज जयपुर में दूसरी बैठक हुई। इसमें संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, मंत्री अविनाश गहलोत और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने भाग लिया। इस दौरान देवनारायण योजना की प्रगति, विभिन्न भर्तियों में आरक्षण और अन्दोलन प्रभावितों को अनुकम्पा नियुक्ति सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की गई। समिति ने गृह विभाग को गुर्जर आरक्षण आन्दोलन से जुड़े मुकदमों का जल्द निस्तारण के लिए जरूरी दिशा–निर्देश दिये। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति की विभिन्न मांगों पर विचार किया जा रहा है।

000

नगरीय विकास और आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किफायती आवास परियोजनाओं और सीवरेज के काम को योजनाबद्ध तरीके से करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की जरूरतों और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इनकी योजना तैयार की जानी चाहिए। श्री खर्रा आज जयपुर में रूडसिको की बोर्ड बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए श्री खर्रा ने कहा कि सीवरेज का काम शुरू करने से पहले नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई जाए। किफायती आवास परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को इन आवासों के निस्तारण की प्रभावी कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये।

000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जयपुर संभाग की आज बैठक ली। बैठक में श्री महाजन ने अभियान की तैयारी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण और दस्तावेज संकलन के निर्देश दिये। श्री महाजन ने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम वोटरलिस्ट में शामिल करना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी सम्बन्धित राजनीतिक दलों से समन्वय करते हुए बूथ लेवल एजेन्ट्स की नियुक्ति जल्द करवाई जाए।

000

प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलगुरु होगें। राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने आज श्री अग्रवाल की नियुक्त के आदेश जारी किये। प्रोफेसर अग्रवाल की नियुक्ति कार्यभार संभालने की तारीख से 3 वर्ष के लिए की गई है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा पर रवाना होगें। विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की चार दिवसीय यात्रा को लेकर आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री यूके की दो दिन की यात्रा के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से मुलाकात करेगें। इसके साथ ही श्री मोदी किंग चार्ल्स तृतीय से भी भेंट करेगें। प्रधानमंत्री मोदी भारत और ब्रिटेन के दिग्गज कारोबारियों से भी बातचीत करेगें। विदेश सचिव ने कहा कि अपनी यात्रा के दूसरे चरण में श्री मोदी 25 जुलाई को मालदीव पहुंचेगें और राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात करेगें। 26 जुलाई को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में प्रधानमंत्री श्री मोदी मुख्य अतिथि होगें।

000

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 जुलाई को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति–2025 की घोषणा करेगें। नई सहकारिता नीति का उद्‌देश्य सहकारिता क्षेत्र को आधुनिक बनाने के साथ–साथ सहकार से समृद्धि के विज़न को साकार करने के लिए रोड़मैप पेश करना है। इस नीति के जरिये सहकारी संस्थाओं का प्रबंधन पेशेवर तरीके से करने और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए रोजगार तथा आजीविका के मौके सृजित कर उन्हें सक्षम बनाना है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश प्रभु की अध्यक्षता में 48 सदस्यीय समिति ने नई सहकारिता नीति तैयार की है।

000

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ने कहा है कि नई प्रौद्योगिकियां और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने पर भी श्रमशक्ति और कार्यबल हमेशा प्रासंगिक रहेंगे। नई दिल्ली में आज तीसरे **वैश्विक औद्योगिक संबंध सम्मेलन** को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि कर्मचारियों के कल्याण के लिए उद्योगों, संघों और सरकार के बीच सहयोग महत्वपूर्ण है। डॉ. मांडविया ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आने वाले पांच सालों में पांच करोड़ नई नौकरियां सृजित करना है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण से निपटने के लिए पौधे लगाना आवश्यक है। श्री शर्मा आज केकड़ी में कृषि उपजमण्डी प्रागंण में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मॉनसून के दौरान पौधे लगाने से उनके जीवित रहने की दर काफी बढ़ जाती है।

.........................

मुख्यमंत्री ने केकडी में 1250 करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। श्री शर्मा ने केकडी में आयोजित रक्तदान शिविर का निरीक्षण कर रक्तदाताओं से संवाद भी किया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, मंत्री कन्हैया लाल चौधरी और सुरेश सिंह रावत भी मौजूद रहे।

000

सरोजनी दामोदरन फाउण्डेशन की ओर दी जाने वाली छात्रवृति योजना का फायदा अब राजस्थान के विद्यार्थियों को भी मिल सकेगा। फाउण्डेशन के प्रधान सलाहकार पकंज त्रिपाठी ने आज जयपुर में मीडिया से बातचीत में बताया कि फाउण्डेशन की ओर से देश के 20 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को स्नातक की पढाई पूरी करने के लिए छात्रवृत्ति दी जाती है। अब इसका विस्तार राजस्थान सहित अन्य राज्यों में भी किया गया है।

000

प्रदेश में मॉनसून की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है, इससे भारी बारिश की गतिविधियों में कमी दर्ज की गई है। हालांकि अनेक स्थानों पर हल्की बरसात का सिलसिला बना हुआ है। बीते चौबीस घंटों में सिरोही, राजसमंद, झालावाड़ और पाली में एक–एक सेंटीमीटर बरसात हुई। मौसम विभाग ने आज अलवर, चित्तौड़गढ, प्रतापगढ और झालावाड़ जिलों के लिए गरज के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं अगले दो दिनों में जोधपुर संभाग के अलावा बाकी संभागों में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात होने का अनुमान है। राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात का सिलसिला 26 जुलाई तक बना रह सकता है। इसके बाद 27 से 30 जुलाई के बीच भारी बारिश का दौर फिर से शुरू होने के आसार हैं। इस दौरान कोटा संभाग में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

000